Adda247

GET IT ON Google Play

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025

## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 22/03/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** दावंडी (Davandi) मुख्यतः भारत के किस राज्य का प्रमुख आघात वाद्य यंत्र है?

**Ans**
✔ A. तमिलनाडु
✘ B. ओडिशा
✘ C. केरल
✘ D. पंजाब

**Q.2** एक फार्मास्युटिकल अनुसंधान प्रयोगशाला ₹12,000 प्रति किट की दर से विश्लेषणात्मक परीक्षण किट खरीदती है। आपूर्तिकर्ता "10 किट खरीदने पर, 2 मुफ्त पाएं" की योजना के साथ-साथ ₹1,00,000 से अधिक की खरीद पर 15% की मात्रा छूट (volume discount) और अनुसंधान संस्थानों के लिए 5% की अतिरिक्त संस्थागत छूट प्रदान करता है। यदि प्रयोगशाला इस पूरी योजना का लाभ उठाती है, तो किटों के कुल मूल्य पर उसे प्राप्त प्रभावी छूट प्रतिशत कितना होगा? (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

**Ans**
✘ A. 35.42%
✘ B. 34.18%
✔ C. 32.71%
✘ D. 30.25%

**Q.3** पांच वृत्त एक दूसरे के आसन्न स्थित हैं, तथा रेखाएं M1 और M2 उनकी उभयनिष्ठ स्पर्श रेखाएं हैं। यदि सबसे बड़े वृत्त की त्रिज्या 9 इकाई और सबसे छोटे वृत्त की त्रिज्या 4 इकाई है, तो मध्य वृत्त की त्रिज्या (इकाइयों में) कितनी होगी?

**Ans**
✔ A. 6
✘ B. 8
✘ C. 10
✘ D. 5

**Q.4** वर्ष 2025 में, दीपस्तंभ और दीपपोत महानिदेशालय (DGLL) द्वारा आयोजित 'इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर मरीन एड्स टू नेविगेशन (IALA)' की तीसरी परिषद बैठक की मेजबानी वर्ष 2025 में किस शहर ने की?

**Ans**
✔ A. मुंबई
✘ B. चेन्नई
✘ C. कोलकाता
✘ D. विशाखापत्तनम

Adda247

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Q.5 कितने वर्षों में ₹7,200 पर 6% वार्षिक ब्याज दर से ₹1,080 साधारण ब्याज प्राप्त होगा?

Ans
- ✗ A. 3.5
- ✓ B. 2.5
- ✗ C. 5
- ✗ D. 1.5

Q.6 निखिल बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हुए उत्तर की ओर 84 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 80 km ड्राइव करता है तथा बाएँ मुड़ता है और 83 km ड्राइव करता है। फिर वह पुनः बाएँ मुड़ता है और 90 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएँ मुड़ता है, 1 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न हो)

Ans
- ✗ A. 13 km, पूर्व की ओर
- ✓ B. 10 km, पश्चिम की ओर
- ✗ C. 11 km, पश्चिम की ओर
- ✗ D. 12 km, पूर्व की ओर

Q.7 2025 में ISRO अध्यक्ष द्वारा उद्घाटित कौन-सा केन्द्र, उन्नत नौवहन प्रणालियों में आत्मनिर्भरता त

Ans
- ✗ A. सेंटर फॉर इंडिजेनस नेविगेशन टैक्नोलॉजीस
- ✗ B. नेशनल हब फॉर एडवांस्ड सैटेलाइट नेविगेशन
- ✗ C. इंडियन नेविगेशन रिसर्च एंड इनोवेशन सेंटर
- ✓ D. अनंत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर नेविगेशन

Q.8 ओलंपिक पदक जीतने वाले प्रथम भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी कौन थे?

Ans
- ✗ A. पी. टी. उषा
- ✗ B. सानिया मिर्जा
- ✓ C. साइना नेहवाल
- ✗ D. पी. वी. सिंधु

Q.9 भारत के राष्ट्रपति द्वारा 2025 में स्वीकृत वह कौन-सा विधेयक है, जो नागरिक परमाणु कानूनों को समेकित करता है और निजी क्षेत्र की भागीदारी की अनुमति देता है?

Ans
- ✗ A. नागरिक परमाणु शासन और निजी क्षेत्र की भागीदारी ढांचा विधेयक
- ✓ B. भारत में बदलाव के लिए परमाणु ऊर्जा के सतत दोहन और विकास (शांति) विधेयक, 2025
- ✗ C. निजी भागीदारी सहित परमाणु ऊर्जा विस्तार के लिए राष्ट्रीय नीति विधेयक
- ✗ D. परमाणु ऊर्जा सुधार और परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी विधेयक

Q.10 दिए गए अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) K Y C K & A A C P N P Y M R B # + J $ & ^ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक अक्षर है?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. तीन
- ✓ C. एक
- ✗ D. चार

Q.11 एक निश्चित कूट भाषा में, 'ALIT' को '2159' के रूप में और 'HILT' को '6912' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'H' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 9
- ✗ C. 1
- ✓ D. 6

Q.12 दो उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में, पंजीकृत मतदाताओं में से 90% ने अपना वोट डाला और 20% वोट अमान्य पाए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध वोटों का 51% प्राप्त हुआ और उसने 3870 वोटों के अंतर से चुनाव जीता। कितने मतदाता पंजीकृत थे?

Ans
- ✗ A. 268760
- ✓ B. 268750
- ✗ C. 268730
- ✗ D. 268720

Q.13 यदि $a = x + \frac{2}{x}$ और $b = x - \frac{2}{x}$ है, तो $a^4 + b^4 - 2a^2b^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 16
- ✓ B. 64
- ✗ C. 36
- ✗ D. 49

Q.14 भारत के संविधान के अनुच्छेद 84 के अनुसार, लोक सभा की सदस्यता हेतु अर्हता प्राप्त करने के लिए एक व्यक्ति की न्यूनतम आयु निम्नलिखित में से कितनी होनी चाहिए?

Ans
- ✗ A. अठारह वर्ष
- ✗ B. इक्कीस वर्ष
- ✗ C. तीस वर्ष
- ✓ D. पच्चीस वर्ष

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सा, शब्द 'सहायक नदी' की सही परिभाषा है?

Ans
- ✗ A. नदी के मुहाने पर स्थित एक झील
- ✗ B. नदी के पानी के साथ मिश्रित होने वाले खारे पानी का एक निकाय
- ✓ C. एक नदी जो एक बृहत नदी में जाकर मिलती है
- ✗ D. एक नदी दूसरी नदी से अलग होकर शाखाओं में बंट जाती है

Q.16 यदि संख्या 8263451 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 2
- ✓ C. 3
- ✗ D. 1

Q.17 द्विघात व्यंजक $10(x - 1) - 5x^2 + 4(2 - x) + 8$ का अधिकतम मान क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 8.7
- ✗ B. 9.6
- ✓ C. 7.8
- ✗ D. 6.9

Q.18 निम्नलिखित बंटन का माध्य ज्ञात कीजिए।

| अंक | 16 | 21 | 47 | 80 | 99 |
|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 24 | 38 | 26 | 32 | 13 |

Ans
- ✓ A. 47
- ✗ B. 71
- ✗ C. 74
- ✗ D. 67

Adda247

Q.19 2025 में, भारत को श्रेणी B के तहत 2026-27 की अवधि के लिए किस संगठन की परिषद् में पुनः निर्वाचित किया गया था?

Ans
- ✔ A. अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO)
- ✘ B. अंतर्राष्ट्रीय समुद्र तल प्राधिकरण
- ✘ C. विश्व व्यापार संगठन
- ✘ D. अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन

Q.20 J, K, L, R, S और T एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
R और J के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। T और K के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। T के ऊपर कोई नहीं रहता है। J, K के नीचे लेकिन S के ऊपर रहता है। L के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✘ A. एक
- ✘ B. चार
- ✘ C. दो
- ✔ D. तीन

Q.21 दिसंबर 2025 में, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के उपबंधों के अनुसार, विद्यालयों में शारीरिक और भावनात्मक दंड पर राज्यव्यापी निषेध का प्रवर्तन निम्नलिखित में से किस राज्य द्वारा किया गया था?

Ans
- ✔ A. महाराष्ट्र
- ✘ B. केरल
- ✘ C. मणिपुर
- ✘ D. पंजाब

Q.22 विपरीत दिशाओं में गतिमान दो समान तरंगों के व्यतिकरण (interference) से कौन-सी तरंगें उत्पन्न होती हैं?

Ans
- ✘ A. अनुदैर्ध्य तरंगें
- ✘ B. अनुप्रस्थ तरंगें
- ✘ C. आपतित तरंगें
- ✔ D. अप्रगामी तरंगें

Q.23 ओडिशा में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण प्रारंभिक सशस्त्र प्रतिरोध, '1817 के पाइका विद्रोह' के नेता कौन थे?

Ans
- ✘ A. अल्लूरी सीताराम राजू
- ✘ B. चित्तू सिंह
- ✔ C. बख्शी जगबंधु
- ✘ D. सिद्धू मुर्मू

Q.24 बाल गंगाधर तिलक को ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा अखबार 'केसरी (Kesari)' में राजद्रोहपूर्ण लेख (seditious article) लिखने के आरोप में किस वर्ष गिरफ्तार किया गया था?

Ans
- ✘ A. 1909
- ✔ B. 1908
- ✘ C. 1910
- ✘ D. 1907

Q.25 प्रथम 63 सम प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 63
- ✘ B. 65
- ✔ C. 64
- ✘ D. 62

Adda247

Q.26 कलमकारी चित्रकला में रूपरेखा बनाने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ A. कंटिका (Stylus)
- ✓ B. बांस की कलम (Bamboo pen)
- ✗ C. सुई (Needle)
- ✗ D. पेंटब्रश (Paintbrush)

Q.27 एक निश्चित कूट भाषा में, 'food is delicious' को 'ga dc vr' के रूप में और 'harry loves food' को 'dc hu bw' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'food' को कैसे कूटबद्ध किया गया है?

Ans
- ✓ A. dc
- ✗ B. bw
- ✗ C. vr
- ✗ D. ga

Q.28 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, DUMB का संबंध किसी निश्चित तरीके से FXOE से है। इसी प्रकार, LGUN का संबंध NJWQ से है। इसी तर्क के आधार पर, RPAW का संबंध, निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
- ✗ A. TZCS
- ✗ B. TCXS
- ✓ C. TSCZ
- ✗ D. TCDS

Q.29 100 पुरुषों के पास 27 दिनों का राशन है। यदि 40 पुरुष चले गए, तो शेष पुरुषों के लिए वही राशन कितने दिनों तक चलेगा?

Ans
- ✗ A. 43
- ✓ B. 45
- ✗ C. 47
- ✗ D. 49

Q.30 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी फोन, मोबाइल हैं। कोई भी मोबाइल, पेजर नहीं है। कोई भी मोबाइल, वॉकी-टॉकी नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई भी फोन, पेजर नहीं है।
(II) कुछ वॉकी-टॉकी, पेजर हैं।

Ans
- ✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✓ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.31 निम्नलिखित में से कौन-सा स्थितिज ऊर्जा का एक स्पष्ट उदाहरण है?

Ans
- ✗ A. जलती हुई मोमबत्ती
- ✗ B. गतिमान कार
- ✗ C. गिरती हुई चट्टान
- ✓ D. खींचा हुआ रबर बैंड

Q.32 91 cm भुजा वाले घन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना है?

Ans
- ✗ A. 49666 cm2
- ✗ B. 49716 cm2
- ✗ C. 49668 cm2
- ✓ D. 49686 cm2

Q.33 आकाश को किसी वस्तु को उसके मूल विक्रय मूल्य के $\frac{5}{12}$ पर बेचकर 20% की हानि होती है। यदि वह उसे उसके मूल विक्रय मूल्य के 80% पर बेचता है, तो लाभ प्रतिशत कितना होगा?

Ans
- ✔ A. 53.6%
- ✗ B. 52.9%
- ✗ C. 55.3%
- ✗ D. 52.3%

Q.34 A और B, 5 : 7 के अनुपात में पूंजी निवेश करके एक व्यवसाय शुरू करते हैं। 4 महीने बाद, C, B की पूंजी के आधे के बराबर पूंजी के साथ व्यवसाय में सम्मिलित हो जाता है। व्यवसाय शुरू होने के 8 महीने बाद, A अपनी पूंजी का 40% निकाल लेता है, जबकि B उसी निवेश के साथ व्यवसाय जारी रखता है। यदि एक वर्ष के अंत में, कुल अर्जित लाभ ₹27,675 है, तो B द्वारा अर्जित लाभ का भाग (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 16,175
- ✗ B. 15,175
- ✔ C. 14,175
- ✗ D. 17,175

Q.35 एक छात्रा ने एक पैराग्राफ टाइप कर लिया है और वह डॉक्यूमेंट में बाद में उपयोग करने के लिए एक वाक्य की कॉपी बनाना चाहती है। वह सबसे पहले वाक्य को सेलेक्ट करती है। उसे अगला कौन-सा शॉर्टकट दबाना चाहिए?

Ans
- ✗ A. Ctrl + F
- ✔ B. Ctrl + C
- ✗ C. Ctrl + V
- ✗ D. Ctrl + S

Q.36 P, Q और R प्रकार की वस्तुओं की कीमतें क्रमशः ₹280, ₹180 और ₹120 हैं। तेजस इन वस्तुओं को 3 : 2 : 5 के अनुपात में कुल ₹12,600 में खरीदता है। वह Q प्रकार की कितनी वस्तुएँ खरीदता है?

Ans
- ✗ A. 13
- ✔ B. 14
- ✗ C. 15
- ✗ D. 7

Q.37 हड़प्पा हार्टलैंड (Harappan heartland) में किस प्रकार की अर्थव्यवस्था प्रमुख थी?

Ans
- ✗ A. शिकार-संग्रह (Hunting-gathering)
- ✔ B. कृषि-पशुचारणिक (Agro-pastoral)
- ✗ C. व्यापार-आधारित अर्थव्यवस्था (Trade-based economy)
- ✗ D. आध्यात्मिक-केंद्रित (Spiritual-centric)

Q.38 निम्नलिखित में से किस प्राचीन ग्रंथ में मौर्य साम्राज्य के प्रशासन का वर्णन किया गया है?

Ans
- ✔ A. अर्थशास्त्र
- ✗ B. मनुस्मृति
- ✗ C. ऋग्वेद
- ✗ D. महाभारत

Q.39 भारत ने 2025 के जलवायु शिखर सम्मेलन (climate summit) के दौरान किस अंतरराष्ट्रीय समझौते के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की?

Ans
- ✗ A. बेसल कन्वेंशन (Basel Convention)
- ✗ B. क्योटो प्रोटोकॉल (Kyoto Protocol)
- ✔ C. पेरिस एग्रीमेंट (Paris Agreement)
- ✗ D. मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल (Montreal Protocol)

Adda247

Q.40 1200 m की दौड़ में अमित, भूषण को 200 m की बढ़त देता है। अमित, भूषण से 20 सेकंड बाद दौड़ शुरू करता है। अमित द्वारा दौड़ना शुरू करने के 4 मिनट बाद वह (अमित) भूषण को ओवरटेक करता है। अमित, भूषण से 10 सेकंड पहले दौड़ पूरी करता है। अमित की दौड़ने की चाल (m/s में) ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $3\frac{1}{3}$

✗ B. $4\frac{1}{3}$

✓ C. $4\frac{4}{9}$

✗ D. $3\frac{4}{9}$

Q.41 16 + 20 ÷ 4 - 3 × 4 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 8

✗ B. 12

✓ C. 9

✗ D. 11

Q.42 उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(252, 80, 172)
(170, 55, 115)

Ans

✓ A. (195, 95, 100)

✗ B. (180, 53, 137)

✗ C. (236, 105, 141)

✗ D. (212, 72, 130)

Q.43 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह किसी निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans

✗ A. RNU

✗ B. TPW

✗ C. HDK

✓ D. EAG

Adda247

Q.44 रेखा PQ, रेखा RS के समांतर है और एक तिर्यक रेखा AB, PQ को C पर तथा RS को D पर प्रतिच्छेदित करती है।
यदि $\angle ACQ = (6x)^\circ$, $\angle QCD = (5x + y)^\circ$ और $\angle BDS = (2x + 3y)^\circ$ है, तो $\angle QCD$ का माप ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $84.5^\circ$

✓ B. $93.6^\circ$

✗ C. $102^\circ$

✗ D. $110^\circ$

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.45 | एक टाइपिस्ट को 2 पेज टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। उसे 90 पेज टाइप करने में कितना समय (मिनट में) लगेगा? |
| Ans | ✗ A. 1790<br>✗ B. 1810<br>✓ C. 1800<br>✗ D. 1805 |

| | |
|---|---|
| Q.46 | समूह A में 25 सदस्य, समूह B में 26 सदस्य और समूह C में 21 सदस्य हैं। इन सभी समूहों के सदस्य एक रेस्टोरेंट में जाते हैं। समूह A, B और C के प्रत्येक सदस्य पर व्यय की गई औसत धनराशि क्रमशः ₹137, ₹443 और ₹461 है। प्रति सदस्य व्यय की गई समग्र औसत धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 344<br>✗ B. 339<br>✓ C. 342<br>✗ D. 347 |

| | |
|---|---|
| Q.47 | निम्नलिखित में से एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर का उदाहरण कौन-सा है? |
| Ans | ✗ A. BIOS<br>✗ B. लिनक्स (Linux)<br>✗ C. विंडोज (Windows)<br>✓ D. एमएस एक्सेल (MS Excel) |

| | |
|---|---|
| Q.48 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ A. QSO<br>✓ B. SUR<br>✗ C. DFB<br>✗ D. NPL |

| | |
|---|---|
| Q.49 | संसदीय अनुमोदनों और संवैधानिक शर्तों के अधीन, अनुच्छेद 356 के अंतर्गत किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन अधिकतम कुल कितनी अवधि तक जारी रह सकता है? |
| Ans | ✗ A. चार वर्ष तक<br>✗ B. एक वर्ष तक<br>✓ C. तीन वर्ष तक<br>✗ D. दो वर्ष तक |

| | |
|---|---|
| Q.50 | P किसी वस्तु को Q को 40% लाभ पर बेचता है। Q उसी वस्तु को R को 50% हानि पर बेचता है। यदि R ने वस्तु के लिए ₹6895 का भुगतान किया, तो P द्वारा वस्तु को किस मूल्य (₹ में) पर खरीदा गया था? |
| Ans | ✗ A. 9848<br>✓ B. 9850<br>✗ C. 9849<br>✗ D. 9852 |

| | |
|---|---|
| Q.51 | भारत के संविधान के अनुच्छेद 316 के तहत राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का नियुक्ति प्राधिकारी ______ होता है। |
| Ans | ✗ A. राज्य का मुख्यमंत्री<br>✓ B. राज्य का राज्यपाल<br>✗ C. भारत का राष्ट्रपति<br>✗ D. राज्य विधानसभा का अध्यक्ष |

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.52** सात व्यक्ति, B, C, O, P, Q, R और S, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। S के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। B और O के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Q और O के बीच में केवल चार व्यक्ति बैठे हैं, जिनमें से कोई भी बाएं छोर पर नहीं बैठा है। C, R के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। P और R के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. तीन
- ✓ C. चार
- ✗ D. एक

**Q.53** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से LEKO का संबंध OIPU से है। उसी प्रकार, CANQ का संबंध FESW से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, EIJS का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. LLPP
- ✗ B. MNPZ
- ✓ C. HMOY
- ✗ D. NOPA

**Q.54** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प ऑपरेटिंग सिस्टम का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. डेटा एंट्री के लिए उपयोग किया जाने वाला प्रोग्राम
- ✗ B. इंटरनेट एक्सेस करने के लिए उपयोग किया जाने वाला प्रोग्राम
- ✗ C. वीडियो देखने के लिए उपयोग किया जाने वाला प्रोग्राम
- ✓ D. मेमोरी, प्रोसेस और डिवाइस को मैनेज करने वाला प्रोग्राम

**Q.55** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त होती है। उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि 13 पर ही की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ने तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
16, 62
21, 82

Ans
- ✗ A. 24, 95
- ✓ B. 24, 94
- ✗ C. 23, 94
- ✗ D. 23, 95

**Q.56** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

23 24 32 59 123 ?

Ans
- ✗ A. 198
- ✗ B. 218
- ✗ C. 168
- ✓ D. 248

**Q.57** अक्टूबर 2025 में, मध्य प्रदेश में किस वन्यजीव अभयारण्य को राज्य के तीसरे चीता प्राकृतिक आवास के रूप में विकसित करने की घोषणा की गई थी?

Ans
- ✓ A. नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य
- ✗ B. माधव राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ C. कूनो राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ D. गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.58 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।
Q: अनुज, भावेश, चिराग, दर्शन और एकलव्य - की लंबाई अलग-अलग है। इनमें से सबसे लंबा कौन है?
(I) चिराग की लंबाई अनुज और भावेश से अधिक है, लेकिन दर्शन से कम है।
(II) एकलव्य, चिराग से लंबा है, लेकिन दर्शन से छोटा है।

Ans
✔ A. प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त हैं (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं)।
✘ B. कथन II में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
✘ C. कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
✘ D. कथन I में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

Q.59 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
A - B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'G + R - W x D ÷ M' है, तो G का M से क्या संबंध है?

Ans
✘ A. माता की माता
✘ B. बहन
✔ C. माता की बहन
✘ D. माता

Q.60 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कब शुरू की गई थी?

Ans
✘ A. 2014
✘ B. 2008
✔ C. 2000
✘ D. 1991

Q.61 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
IJM 77 PQT 69 WXA 61 DEH 53 ?

Ans
✘ A. KMN 45
✘ B. KKN 44
✘ C. KSB 44
✔ D. KLO 45

Adda247

Q.62 1991 में भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के परिणामस्वरूप निम्नलिखित में से कौन-सा राजकोषीय परिणाम सामने आया?

Ans
✘ A. सभी सार्वजनिक ऋणों का उन्मूलन
✔ B. प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर दरों में कमी
✘ C. मूल्य निर्धारण पर सरकारी नियंत्रण में तीव्र वृद्धि
✘ D. उच्च आयात शुल्क

Q.63 26 जनवरी 1950 और 1 जुलाई 1987 के बीच भारत में जन्मा व्यक्ति _______ से ही स्वतः भारत का नागरिक माना जाता है।

Ans
✘ A. वंश (descent)
✘ B. नागरिकीकरण (naturalisation)
✔ C. जन्म (birth)
✘ D. पंजीकरण (registration)

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.64 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है

(बाएँ) € A © D R & I % B B V @ A J $ £ * S B £ N L (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans
- ✔ A. 1
- ✘ B. 3
- ✘ C. 0
- ✘ D. 2

Q.65 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।
1. अनुच्छेद 167 के अनुसार, यह मुख्यमंत्री का कर्तव्य है कि वह राज्यपाल को मंत्रिपरिषद के सभी निर्णयों से अवगत कराए।
2. अनुच्छेद 165 के अंतर्गत राज्यपाल, मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाता है।
3. अनुच्छेद 163 के अंतर्गत विवेकाधीन मामलों को छोड़कर राज्यपाल की सहायता और सलाह देने के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक मंत्रिपरिषद का प्रावधान है।
उपरोक्त में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✔ A. 1, 2 और 3
- ✘ B. केवल 1 और 3
- ✘ C. केवल 2 और 3
- ✘ D. केवल 1 और 2

Q.66 रणजी ट्रॉफी सर्वप्रथम किस वर्ष आयोजित की गई थी?

Ans
- ✘ A. 1947–48
- ✘ B. 1950–51
- ✔ C. 1934–35
- ✘ D. 1926–27

Q.67 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के किस राज्य/UT में साक्षरता दर 80% से अधिक थी?

Ans
- ✘ A. सिक्किम और ओडिशा
- ✘ B. हिमाचल प्रदेश और हरियाणा
- ✔ C. गोवा और त्रिपुरा
- ✘ D. तमिलनाडु और असम

Q.68 निम्नलिखित में से कौन-सा देश, ग्लोबल AI वाइब्रेंसी इंडेक्स 2024 (Global AI Vibrancy Index 2024) में शीर्ष तीन देशों में शामिल नहीं था?

Ans
- ✘ A. चीन
- ✘ B. भारत
- ✘ C. संयुक्त राज्य अमेरिका
- ✔ D. यूनाइटेड किंगडम

Q.69 एक लंब वृत्तीय शंकु की तिर्यक ऊँचाई और त्रिज्या का अनुपात 29 : 20 है। शंकु का आयतन $\frac{24192}{5}\pi\ cm^3$ है। शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. $823.4\pi$
- ✘ B. $829.5\pi$
- ✘ C. $832.3\pi$
- ✔ D. $835.2\pi$

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.70** निम्नलिखित में से क्या अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को पृथक करता है?

**Ans**
- ✗ A. छह डिग्री चैनल
- ✓ B. दस डिग्री चैनल
- ✗ C. पाक जलडमरूमध्य
- ✗ D. नौ डिग्री चैनल

**Q.71** यदि निम्नलिखित आंकड़े का माध्य 47 है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 30-40 | 40-50 | 50-60 | 60-70 | 70-80 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 49 | 33 | 24 | 21 | X |

**Ans**
- ✗ A. 8
- ✗ B. 23
- ✗ C. 27
- ✓ D. 3

**Q.72** सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G को एक के ऊपर एक करके रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे हों। B और G के बीच केवल दो बॉक्स रखे जाते हैं। केवल D को E के ऊपर रखा जाता है। G के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा जाता है। A को F के नीचे किसी स्थान पर लेकिन C के ऊपर किसी स्थान पर रखा जाता है। C के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

**Ans**
- ✓ A. 5
- ✗ B. 3
- ✗ C. 2
- ✗ D. 4

**Q.73** नीचे संख्याओं के दो समूह दिए गए हैं। प्रत्येक समूह में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से तीसरी संख्या प्राप्त होती है, और इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में दी गई संक्रियाओं के समान समूह का अनुसरण करता है?
(नोट – दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
15 - 75 - 80 - 160; 16 - 80 - 85 - 170

**Ans**
- ✓ A. 17-85-90-180
- ✗ B. 18-80-85-170
- ✗ C. 13-75-80-160
- ✗ D. 20-100-105-220

**Q.74** यदि संख्या 8634157 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो बाईं ओर से दूसरा अंक निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

**Ans**
- ✗ A. 3
- ✗ B. 1
- ✓ C. 4
- ✗ D. 2

**Q.75** दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) और लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) क्रमशः 5 और 180 है। यदि एक संख्या 45 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 20
- ✗ B. 25
- ✗ C. 36
- ✗ D. 40

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.76 सात व्यक्ति B, C, D, O, P, Q और R एक गोल मेज के परित: मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
D, O के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। D के बाईं ओर से गणना करने पर, D और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C के दाईं ओर तीसरे स्थान पर B बैठा है। B और R का निकटतम पड़ोसी Q है। P के दाईं ओर से गणना करने पर, P और Q के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✓ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✗ D. चार

Q.77 सिद्धार्थ, लता और विवेक ने क्रमशः ₹1570, ₹1760 और ₹1620 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। यदि वर्ष के अंत में लाभ ₹1540 है, तो लाभ में विवेक का शेयर कितना है?

Ans
- ✗ A. ₹506
- ✗ B. ₹501
- ✓ C. ₹504
- ✗ D. ₹503

Q.78 भारत में अधीनस्थ न्यायालय समग्र न्यायिक प्रणाली को किस प्रकार सहयोग प्रदान करते हैं?

Ans
- ✓ A. सुगम, त्वरित और स्थानीय न्याय प्रदान करके
- ✗ B. नए कानून अधिनियमित करके
- ✗ C. विशेष रूप से अपीलों पर कार्रवाई करके
- ✗ D. उच्च न्यायपालिका में कानूनी शक्ति को केंद्रीकृत करक

Q.79 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

55 56 60 69 85 ?

Ans
- ✗ A. 104
- ✗ B. 112
- ✗ C. 108
- ✓ D. 110

Q.80 निम्नलिखित समीकरणों के निकाय के लिए हल (x, y, z) ज्ञात कीजिए।

$x - y + z = 2;$
$2x - y - z = -6;$
$2x + 2y + z = -3$

Ans
- ✗ A. (−2, −1, −3)
- ✗ B. (−2, 1, 3)
- ✓ C. (−2, −1, 3)
- ✗ D. (2, −1, 3)

Q.81 निम्नलिखित में ऐसा कौन-सा विधायी सुधार है, जिसका उद्देश्य समकालीन आवश्यकताओं और वैश्विक मानकों के अनुरूप वायुयान अधिनियम, 1934 को पुनः अधिनियमित करके भारत के विमानन क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना है?

Ans
- ✓ A. भारतीय वायुयान अधिनियम, 2024
- ✗ B. वायुयान (सुरक्षा) नियमावली, 2020 और संशोधन (2022)
- ✗ C. विमानवहन (संशोधन) अधिनियम, 2022
- ✗ D. वायुयान वस्तुओं में हित संरक्षण अधिनियम, 2023

Adda247

Q.82 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?
SWD 9 HLS 12 WAH 16 LPW 21 ?

Ans
- ✔ A. AEL 27
- ✘ B. AKM 32
- ✘ C. KDT 27
- ✘ D. CIK 30

Q.83 दो ट्रेनें 130 km/hr और 70 km/hr की चाल से विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। एक ट्रेन की लंबाई 130 m है। दोनों ट्रेनों को एक-दूसरे को पार करने में 14 सेकंड का समय लगता है। दूसरी ट्रेन की लंबाई (m में) (2 दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 647.78
- ✘ B. 650.67
- ✘ C. 646.47
- ✘ D. 649.6

Q.84 (-9) - (-56) ÷ (-14) + (-3) × 7 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. -34
- ✘ B. -33
- ✘ C. -37
- ✘ D. -36

Q.85 निम्नलिखित में से कौन-सा अधात्विक (non-metallic) प्राकृतिक संसाधन है?

Ans
- ✘ A. तांबा
- ✘ B. सोना
- ✘ C. लौह अयस्क
- ✔ D. चूना पत्थर

Q.86 रोहित द्वारा चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश की गई कोई धनराशि 6 वर्षों में दोगुनी हो जाती है जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। कितने वर्षों में वह धनराशि स्वयं की सोलह गुनी हो जाएगी?

Ans
- ✘ A. 12
- ✔ B. 24
- ✘ C. 48
- ✘ D. 96

Q.87 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्क पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
कुछ कस्बे, जिले हैं। कोई भी जिला, राज्य नहीं है। कोई भी राज्य, शहर नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई भी कस्बा, राज्य नहीं है।
(II) कोई भी जिला, शहर नहीं है।

Ans
- ✘ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✘ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✔ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✘ D. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.88 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : MIN :: RNS : %

Ans
- ✗ A. # = OKP , % = PLR
- ✗ B. # = OKP , % = PMQ
- ✓ C. # = OKP , % = PLQ
- ✗ D. # = OKO , % = PLQ

Q.89 निम्न व्यंजक को सरल कीजिए:

$$\left(\frac{5}{6} \text{ of } 1.8\right) + \left(\frac{3}{4} \div 0.25\right).$$

Ans
- ✓ A. 4.5
- ✗ B. 4
- ✗ C. 4.25
- ✗ D. 3.75

Q.90 फूड फॉर वर्क प्रोग्राम ( Food for Work Programme) का उद्देश्य पिछड़े जिलों के ग्रामीण गरीबों को क्या प्रदान करना है?

Ans
- ✗ A. विदेश में निःशुल्क शिक्षा और प्रशिक्षण
- ✗ B. निःशुल्क बिजली और जल की आपूर्ति
- ✓ C. अनुपूरक मजदूरी रोजगार
- ✗ D. निजी स्वास्थ्य योजनाओं तक पहुंच

Q.91 A, B, C, D, E और F एक ही भवन के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। भवन में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।
D के ऊपर केवल एक व्यक्ति रहता है। A और D के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। F, B के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। E, D के ऊपर नहीं रहता है।
C के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. तीन
- ✓ C. पांच
- ✗ D. चार

Adda247

Q.92 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D + F – G ÷ H x J' है, तो D का J से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पत्नी के पिता के भाई की पत्नी
- ✓ B. पत्नी के पिता के भाई की पुत्री
- ✗ C. पत्नी की माता के भाई की पत्नी
- ✗ D. पत्नी की माता के भाई की पुत्री

Q.93 कर्मचारियों की संख्या में कमी के कारण एक कारखाने में उत्पादन 52% कम हो जाता है। उत्पादन को मूल स्तर पर वापस लाने के लिए कार्य-घंटों में कितने प्रतिशत की वृद्धि की जानी चाहिए?

Ans
- ✗ A. $104\frac{2}{3}\%$
- ✗ B. $48\%$
- ✓ C. $108\frac{1}{3}\%$
- ✗ D. $52\%$

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.94 निम्नलिखित में से नेताओं का कौन-सा युग्म, 1916 के लखनऊ समझौते पर हस्ताक्षर करने से घनिष्ठ रूप से संबंधित था?

Ans
✔ A. बाल गंगाधर तिलक और मुहम्मद अली जिन्ना
✘ B. दादाभाई नौरोजी और सुरेंद्रनाथ बनर्जी
✘ C. गोपाल कृष्ण गोखले और एनी बेसेंट
✘ D. लाला लाजपत राय और बिपिन चंद्र पाल

Q.95 निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व, कक्ष ताप पर गैस अवस्था में होता है और आवर्त सारणी के ग्रुप 17 से संबंधित है?

Ans
✔ A. फ्लुओरीन (Fluorine)
✘ B. ब्रोमीन (Bromine)
✘ C. ऐस्टेटीन (Astatine)
✘ D. आयोडीन (Iodine)

Q.96 MS-एक्सेल में, यदि सेल A1, A2 और A3 में क्रमशः 2, 3 और 2 मान हैं, तो सूत्र =A1*A2 + A2/A3 का परिणाम क्या होगा?

Ans
✘ A. 9
✘ B. 8
✘ C. 6
✔ D. 7.5

Q.97 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) R # L ? V ! M S + N - $ O T * P / < Q U (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद एक और प्रतीक है?

Ans
✘ A. चार
✔ B. दो
✘ C. एक
✘ D. तीन

Q.98 खाना पकाते समय यदि बर्तन की बाह्य सतह काली हो जाए, तो यह क्या इंगित करता है?

Ans
✔ A. ईंधन का दहन अपूर्ण है।
✘ B. ईंधन पूर्णत: जल गया है।
✘ C. अंदर का भोजन अधपका है।
✘ D. ईंधन में नमी उपस्थित है।

Q.99 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन मौसम और जलवायु के बीच अंतर को सर्वोत्तम रूप में स्पष्ट करता है?

Ans
✘ A. मौसम दीर्घकालिक रुझानों को संदर्भित करता है; जलवायु अल्पकालिक परिवर्तनों को संदर्भित करती है।
✔ B. मौसम अल्पकालिक परिवर्तनों को संदर्भित करता है; जलवायु दीर्घकालिक पैटर्न को संदर्भित करती है।
✘ C. मौसम और जलवायु पूर्ण रूप से समान परिघटना है।
✘ D. मौसम प्रकृति में स्थायी होता है; जलवायु अस्थायी होती है।

Q.100 यदि $\sin A = \frac{3}{5}$ है, तो $\sqrt{\frac{11 + 3\operatorname{cosec}A}{4 - 5\sin A}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. $\sqrt{2}$
✔ B. 4
✘ C. $\sqrt{3}$
✘ D. 3